हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 17 जुलाई 2024

06 जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, नागरिकों ने किया...




08 परेशानी: लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का सांची ...





## खबर संक्षेप

### दिव्यांग को 25 हजार की राशि का चेक दिया

**विदिशा।** मंगलवार को जनसुनवाई के दौरान गुलाबगंज के ग्राम घोसुआ निवासी दिव्यांग हल्के वंशकार को समाजसेवी रमेश माहेश्वरी ने 25 हजार रुपए की राशि प्रदाय किया। दिव्यांग आवेदक वंशकार ने बताया कि ट्रेन से हुई दुर्घटना में उनके दोनों पेर कट गए थे। इसके अलावा दिव्यांग हल्के वंशकार को शासन द्वारा प्रतिमाह 600 रुपए की पेंशन राशि भी प्राप्त होती है।

### जिले में अब तक 298.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई

**विदिशा।** जिले में एक जून से लेकर अब तक 298.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जबकि जिले की औसत वर्षा 1075.50 मिमी है। मंगलवार 16 जुलाई की प्रातः आठ बजे जिले के वर्षामापी केन्द्रों पर 15.3 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है। जिले की तहसीलों में अब विदिशा में 277 मिमी, बासौदा में 211.8 मिमी, कुरवाई 373.4 मिमी, सिरोंज 241 मिमी, लटेरी में 501.1 मिमी, ग्यारसपुर में 267 मिमी, गुलाबगंज में 222 मिमी, नटेरन में 312 मिमी, शमशाबाद में 185.7 मिमी तथा पठारी तहसील में 391 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### राजस्व महा अभियान 31 अगस्त तक चलेगा

**विदिशा।** प्रदेश व्यापी राजस्व महा अभियान 16 जुलाई से शुरू 31 अगस्त तक चलेगा। इस अभियान में राजस्व न्यायालय में समय सीमा पर लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा, नए राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, नक्शे पर तरमीम पीएम किसान का सैचुरेशन समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग एवं फार्मर रजिस्ट्री का क्रियान्वयन शामिल है।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक 18 को

**विदिशा।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक गुरुवार 18 जुलाई को कलेक्ट्रेट के बेतवा सभागार में दोपहर 3 बजे से होगी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री एवं जिला जल स्वच्छता मिशन के सदस्य सचिव ने बताया कि जल मिशन की नल जल योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की जाएगी। बैठक में वन मंडल अधिकारी जिला पंचायत सीईओ, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपसंचालक, सम्राट अशोक संजय सागर के संचालक तथा जल निगम मर्यादित परियोजना क्रियान्वयन इकाई भोपाल के महाप्रबंधक उक्त बैठक में मौजूद रहेंगे।

### 31 जुलाई तक फसल बीमा कराएं किसान

**विदिशा।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान 31 जुलाई तक किसान फसल बीमा करा सकते हैं। किसानों को 2 % की दर से धान सिंचित फसल के लिए 1134 रुपए, धान असिंचित फसल के लिए 572 रुपए, सोयाबीन के लिए 640 रुपए, मक्का फसल के लिए 442 रुपए तथा उड़द फसल के लिए 440 रुपए प्रति हेक्टेयर के मान से प्रीमियम राशि जमा करना होगी। कृषि उप संचालक केएस खपेड़िया ने बताया कि किसानों का पंजीयन एसबीआई जनरल इंश्योरेंस के प्रतिनिधियों द्वारा जिला पंचायत स्तर पर किया जा रहा है।

### तीन स्कूली वाहनों के चालान बनाए, 6 जब्त

**विदिशा।** कलेक्टर ने स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष चेकिंग अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को आरटीओ गिरिजेश वर्मा ने पीतलमिल चौराह पर स्कूली वाहनों की जांच की। 9 स्कूली वाहन नियम विरुद्ध चलते पाए गए। 3 वाहनों से शमन शुल्क 24 हजार 500 रुपए वसूल किया गया। 6 वाहनों को जब्त कर परिवहन कार्यालय खड़ा कराया गया है। आरटीओ अधिकारी गिरिजेश वर्मा ने बताया की स्कूली वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

## तीन माह का एडवांस देकर एसएटीआई के 16 कर्मचारियों को नौकरी से हटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कॉलेज के बोर्ड ऑफ गर्वनर के द्वारा लिए गए निर्णय अनुसार एसएटीआई पॉलिटेक्निक कॉलेज के 16 कर्मचारियों को नौकरी से हटा दिया गया है।

हटाए गए सभी कर्मचारियों को 3 माह की सेलरी एडवांस देकर नौकरी से हटाने का आदेश जारी किया गया है। एसएटीआई का संचालन केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के नेतृत्व वाले बोर्ड ऑफ गर्वनर द्वारा किया जाता है। इन सभी कर्मचारियों को हटाने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। लेकिन चर्चा है कि पॉलिटेक्निक कॉलेज में डिप्लोमा कोर्स की तीन ब्रांच को बंद कर दिया गया है। इसके चलते पूर्व प्राचार्य आरके सोनी सहित प्रोफेसर, लेक्चरार और कर्मचारी शामिल हैं। कर्मचारियों को हटाने की यह कार्रवाई मंगलवार को की गई है जबकि यह निर्णय पहले ही लिया जा चुका था। मंगलवार 16 जुलाई की शाम पांच बजे हटाए गए कर्मचारियों को लैटर थमा दिए गए हैं। कॉलेज प्रबंध समिति अध्यक्ष लक्ष्मीकांत मरखेड़कर ने बताया कि शासन से ग्रांट नहीं मिल रही है और दो शाखाओं में छात्र नहीं आने से खर्च की कटौती करना जरुरी हो गया था। डॉक्टर मरखेड़कर के अनुसार ब्रांच इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी, इंटीग्रेटेट्ड सर्किट मैन्यूफैक्चरिंग ब्रांच सहित इलेक्ट्रॉनिक एंड टैक्नालॉजी शाखा में छात्रों की रुचि पूरी तरह कम हो गई। जिसके चलते प्रवेश भी बहुत कम आए। बीओजी ने 9 जुलाई की बैठक में यह निर्णय लिया है।

## कॉलोनाइजर की मनमानी से रहवासी परेशान, मूलभूत सुविधा नहीं मिलने से लोगों में नाराजगी, कार्यालय में लगाया ताला

**रहवासियों को कॉलोनाइजर के वादे के मुताबिक नहीं मिलीं सुविधाएं, कॉलोनी डेवलप होने के बाद कही थी विकास की बात**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



विदिशा। विट्ठल नगर के कॉलोनाइजर के खिलाफ आक्रोश जताते रहवासी।

पॉश कॉलोनी में गिनी जाने वाली विट्ठल नगर कॉलोनी के रहवासी कॉलोनाइजर की मनमानी से परेशान हो चुके हैं। रहवासियों को कॉलोनाइजर के वादे के मुताबिक मिलने वाली सुविधाएं आज तक नसीब नहीं हो सकी हैं।

मंगलवार को रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने कॉलोनाइजर के कार्यालय में ताला जड़ दिया। लोगों ने बताया कि कॉलोनाइजर ने लोगों से कवर्ड कैंपस, अच्छी रोड, स्ट्रीट लाइट और अन्य मूलभूत सुविधाएं देने का वादा किया था। जिसके बाद लोगों ने अपनी मेहनत की कमाई से अपने सपनों का घर खरीदा था। शुरुआत में तो कॉलोनाइजर की ओर से पूरी कॉलोनी विकसित होने के बाद काम करने की बात कही जा रही थी। अब जब पूरे प्लाट और घर बिक गए हैं तो कॉलोनाइजर ने अपनी जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ लिया है। दो साल पहले कॉलोनी में रहने आए मनोज शर्मा ने बताया कि कॉलोनाइजर ने मूलभूत सुविधाएं और कवर्ड कॉलोनी का वादा किया था। कवर्ड कैंपस नहीं होने से यहां आए दिन घटनाएं होती रहती हैं असामाजिक तत्व यहां उत्पाद मचाते हैं। जिससे लोगों की सुरक्षा खतरे में पड़ जाती है। आवारा मवेशियों और कुत्तों और चोरों से भी लगातार खतरा बना हुआ है। कई दुर्घटना घटित हो चुकी हैं। कई बार कॉलोनाइजर से शिकायत की गई। इसके बावजूद कॉलोनाइजर की ओर से हमारी मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। हमने कलेक्टर को भी ज्ञापन दिया था, वहीं 4 महीने से कॉलोनाइजर इंदौर में है। इस वजह से आज हमें यह कदम उठाना पड़ा। रहवासियों ने बताया कि वर्तमान में इस कॉलोनी में लगभग 200 परिवार रह रहे हैं। कॉलोनी में रहवासियों के लिए सुविधाएं कॉलोनाइजर द्वारा उपलब्ध नहीं कराई जा रहीं।

## अंडरब्रिज निर्माण में देरी के कारण व्यापारियों और किसानों को परेशानी

# 2 साल से चल रहा अंडरब्रिज का काम अब तक सिर्फ 50 प्रतिशत हो सका पूरा

खरीफाटक ब्रिज के नजदीक पिछले दो साल से अंडरब्रिज का काम चल रहा है। अब तक सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हो चुका है। अब ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया है। जिससे निर्माण पूरा होने में देरी होती जा रही है। रेलवे अपना काम पूरा कर चुका है शेष काम प्रदेश सरकार द्वारा तय की गई एजेंसी को करना है।



विदिशा। अधूरा पड़ा है अंडरब्रिज का काम। एप्रोच रोड कचरे और गंदगी से भरा पड़ा है।

- पटरियां पार करने के दौरान लगातार हो रही घटनाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खरीफाटक रेलवे क्रॉसिंग पर पर यातायात के अधिक होने के कारण यहां ओवर ब्रिज का निर्माण कराया गया है। वहीं पिछले दो साल से ओवरब्रिज के पास ही अंडर ब्रिज का निर्माण भी चल रहा है। लेकिन अब तक सिर्फ 50 प्रतिशत काम ही पूरा हो पाया है और ठेकेदार काम छोड़कर भाग गया है। जिससे निर्माण कार्य में देरी हो रही है। ओवरब्रिज से रेलवे लाइन पार करने पर अभी वाहनों को लंबी दूरी तय करना पड़ता है। नई कृषि उपज मंडी से बड़ी संख्या में किसानों के ट्रेक्टर ट्रॉलियां पुरानी मंडी में आते हैं जिससे खरीफाटक ओवर ब्रिज पर भी जाम की स्थिति बन जाती है। अंडर ब्रिज का निर्माण होने के बाद यह समस्या खत्म हो जाएगी।

लेकिन काम इतना धीमा चल रहा है कि तय समय में पूर्ण होना मुश्किल है। ठेकेदार काम अधूरा छोड़कर भाग गया। स्थानीय रहवासियों की माने तो हर महीने 1 से 2 घटनाएं ट्रेन की चपेट में आने की वजह से हो रही हैं। वहीं स्थानीय व्यापारियों का व्यापार भी पूरी तरह ठप हो गया है। जल्द से जल्द अंडरब्रिज के कार्य को पूर्ण करने की मांग की गई है। वर्तमान हालात है कि अंडर ब्रिज के अंदर पानी भरा हुआ है और एप्रोच रोड को कचरा घर बना दिया गया है। खास बात है कि रेलवे विभाग द्वारा अपनी तरफ से पटरिया के नीचे किए जाने वाले कार्य को पूरा कर लिया गया है। लेकिन दोनों तरफ के जो एप्रोच रोड और अन्य व्यवस्थाएं हैं उसका काम प्रदेश सरकार द्वारा तय की गई एजेंसी को करना है।

## बस ने ऑटो को मारी टक्कर, ढाई साल की बच्ची की मौत, 3 घायल



विदिशा। हादसे में घायलों का जिला अस्पताल में चल रहा है उपचार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा




मंगलवार को एक तेज रफ्तार बस ने सवारी ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर से ऑटो में सवार एक परिवार के तीन सदस्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं ढाई साल की बच्ची की मौत हो गई।

दुर्गानगर में रहने वाले संतोष रैकवार, पत्नी नीलम, बड़ी बेटी देवांशी और छोटी बेटी राधिका के साथ ऑटो में बैठकर जा रहे थे। इसी दौरान दुर्गानगर चौराहे पर बस ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में चारों लोगों को चोट आई। जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आए। जहां डॉक्टरों ने छोटी बेटी राधिका को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस मेडिकल कॉलेज पहुंची। जहां घायलों के बयान लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। संतोष ने बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। वह मंगलवार को अपने परिवार के साथ सुसराल जा रहा था। स्टेशन जाने के लिए ऑटो में बैठे था। तब यह हादसा हो गया। दुर्घटनाग्रस्त ऑटो और बस को सिविल लाइन थाने में खड़ा करवाया है। बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

**कलेक्टर ने खसरे की त्रुटि तुरंत दुरूस्त कराई, खुश होकर आवेदक पपुआ बोला-**

## साहब आपने तो हमाओ काम मिनटों में कर दओ नईं तो... हमें कई दिनों तक चक्कर लगाने पड़ते

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने जनसुनवाई में आए एक आवेदन का निराकरण तुरंत कराया। बासौदा तहसील के ग्राम कबूलपुर के किसान पपुआ पिता मंगल अहिरवार ने आवेदन दिया की उनकी भूमि खसरे में त्रुटिपूर्ण रिकॉर्ड प्रदर्शित हो रहा है।

कलेक्टर ने न्यायालयीन आदेश अनुसार मौके पर ही हल्का पटवारी, तहसीलदार से त्रुटि को सुधार कराया। उन्होंने अधीक्षक भू-अभिलेख को भूमि खसरे में त्रुटि सुधार परिवर्तन की कार्यवाही कर एक प्रति आवेदक को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर संबंधित पटवारी, राजस्व निरीक्षक, तहसीलदार एवं एसडीएम से समन्वय स्थापित कर ऑनलाइन रिकॉर्ड में तत्काल निराकरण किया। आवेदक पपुआ अहिरवार ने अपनी समस्या मिनटों में हल होने पर कलेक्टर का अभार माना। कहा कि साहब आपने तो हमाओ काम मिनटों में कर दओ नईं तो हमें कई दिनों तक चक्कर लगाने पड़ते।

### 105 आवेदन आए

मंगलवार जनसुनवाई में 105 आवेदन आए। कलेक्टर द्वारा मौके पर 65 आवेदनों का निराकरण किया गया। शेष लंबित आवेदनों पर समय सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को दिए गए हैं। साथ ही निराकरण की जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने ताकिद किया गया है।

## पिंड़ भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई गुहार कहा- झूठे प्रकरण में फंसाने किया जा रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बासौदा निवासी भूपेंद्र सिंह राजपूत मंगलवार को पिंड भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचा और एसपी से न्याय की गुहार लगाई।

पीड़ित ने बताया कि सोमवार की रात में संदीप ठाकुर ने मेरे साथ मारपीट की। नेताओं के दबाव में पुलिस छोटी-मोटी धाराएं लगाकर मामले को दबाने का प्रयास कर रही है। ज्ञापन में कहा गया है कि नपा उपाध्यक्ष मुझे प्रताड़ित करता है और मेरे खिलाफ झूठे मुकदमे लगवाने की धमकी देता है। फरियादी भूपेंद्र के बताया कि सोमवार को उसके ऊपर प्राणघातक हमला किया गया। पीड़ित ने बताया कि नपा उपाध्यक्ष के कारण वह दुकान भी नहीं चला पा रहा है। हमेशा मुझे जान का खतरा बना रहता है।

ज्ञापन में फरियादी ने सुरक्षा दिए जाने की मांग करते हुए परिवार में कोई भी घटना घटती होने पर संदीप ठाकुर, राहुल दांगी, विशाल दांगी और बब्लू भावसार को जिम्मेदार बताया है।




विदिशा। पिंड़ भरते हुए एसपी कार्यालय पहुंचा फरियादी भूपेंद्र राजपूत।

## कांग्रेस जिलाध्यक्ष रघुवंशी ने ब्लॉक अध्यक्षों की बैठक ली



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने मंगलवार को शमशाबाद सिरोंज विधानसभा ब्लॉक अध्यक्ष और संगठन मंत्री की बैठक ली। तलैया मोहल्ले स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने बताया कि जल्दी ही जिले का दौरा किया जाएगा। पंचायत एवं नगरपालिका क्षेत्र स्तर पर कार्यकर्ताओं की कमेटी बनाई जाएगी। जिसमें कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी की विचारधारा घर-घर पहुंचाएंगे और वरिष्ठ नेताओं का सम्मान किया जाएगा। वहीं पुराने वरिष्ठ और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को जोड़ने अभियान चलाया जाएगा।

**एसएटीआई कॉलेज में 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ**

## इंजीनियर्स ने सीखा सर्किट डिजाइन व रोबो कार निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा



एसएटीआई डिग्री के विद्युत अभियांत्रिकीय विभाग द्वारा पीसीबी डिजाइन एवं रोबोटिक पर छात्र-छात्राओं को 15 दिवसीय प्रशिक्षण दिया। 1 जुलाई 2024 से आयोजित इस कार्यक्रम में इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन, एआईडीएस एवं आईटी विभाग के छात्र-छात्राओं ने बहुत उत्साह पूर्वक भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को संस्था के पूर्व छात्र इंजीनियर कपिल सोनी एवं उनकी संस्था "इनोवेशन फॉर यू" के प्रतिनिधियों ने इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कम्पोनेंट्स के ज्ञान के अलावा पीसीबी निर्माण, हार्डवेयर सर्किट डिजाइन एवं सिमुलेशन के द्वारा सर्किट के विश्लेषण को समझाया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रोबो कार का निर्माण एवं उसका प्रदर्शन था। रविवार को आयोजित इस कार्यक्रम के समापन समारोह का उद्घाटन संस्थान निदेशक डॉ. वायके जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। इन्होंने अपने उद्बोधन में इंजीनियरिंग के क्षेत्र में प्रायोगिक कार्य दक्षता एवं हैंड्स ऑन लर्निंग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर बदलती हुई तकनीक को आत्मसात करने एवं नवाचार करने प्रेरित किया।

संस्था के पूर्व छात्र एवं कार्यक्रम के मुख्य सहयोगी प्रशिक्षक कपिल सोनी ने छात्र-छात्राओं के समर्पण भाव एवं संस्था द्वारा प्रदान की गई सुविधाओं की प्रशंसा करते हुए प्रशिक्षणार्थियों से हार्डवेयर बनाने के प्रयासों को सतत रखने हेतु आग्रह किया है। इलेक्ट्रिकल विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. चंद्रशेखर शर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जितेंद्र टांडेक़र व डॉ. मोनिका जैन को बधाई देते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन करने की आवश्यकता बताई।

डॉ. जितेंद्र टांडेक़र एवं डॉ. मोनिका जैन ने विद्यार्थियों के तकनीकी ज्ञानवर्धन एवं प्रायोगिक दक्षता हेतु इंटर्नशिप के महत्व को बताया। कार्यक्रम में रजिस्ट्रार प्रवीण करकरे सहित संस्था के प्राध्यापक, कर्मचारी एवं अनेक छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान रोबो रेस कंपटीशन भी करवाया गया जिसमें 13 टीमों ने भाग लिया।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2701
उच्चतम भाव-3910
गेहूं 1544
न्यूनतम भाव-2480
उच्चतम भाव-2830
गेहूं मालवा
न्यूनतम भाव-2504
उच्चतम भाव- 2549
चना
न्यूनतम भाव- 5030
उच्चतम भाव- 6770
मसूर
न्यूनतम भाव-3350
उच्चतम भाव-6650
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-3500
उच्चतम भाव-4431
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-4005
उच्चतम भाव-5920
सरसों
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5850
उड़द
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-8000
मूंग
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-7830
धान
न्यूनतम भाव-1315
उच्चतम भाव-2575
अलसी
न्यूनतम भाव-4800
उच्चतम भाव-5445
बटरी
न्यूनतम भाव-5035
उच्चतम भाव-5035
धना
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6200

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में बुधवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 5579 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

## खबर संक्षेप

### औसत वर्षा दर्ज हुई

**गंजबासौदा।** एक जून से लेकर अब तक 298.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज हुई है जबकि जिले की औसत वर्षा 1075.50 मिमी है। अधीक्षक भू-अभिलेख कृष्णा रावत ने बताया कि आज दिनांक तक गंजबासौदा में 211.8 मिमी वर्षा दर्ज हुई है।

### ग्रामीण ने लगाई फांसी

**गंजबासौदा।** मंगलवार को सिरोंज रोड स्थित ग्वालियर टपरा निवासी रफीक खान ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। जिसकी सूचना परिजनों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय भेजा। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

### मदनलाल अग्रवाल का निधन

**गंजबासौदा।** आलोक अग्रवाल, रामू अग्रवाल के पिताजी मदन लाल अग्रवाल का निधन हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा निज निवास पचमा रोड से शाम के समय पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। जिसमें अनेक गणमान्य नागरिकों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सीएम राइज स्कूल के बच्चों के सहयोग से लक्ष्मीबाई पार्क के बाउंड्री वॉल के समीप पौधे लगाए गए

# जनप्रतिनिधि, अधिकारियों, नागरिकों ने किया विभिन्न किस्मों के 350 पौधों का रोपण




















हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका परिषद द्वारा पंचतत्व संस्था के सहयोग से राजेंद्र नगर स्थित रानी लक्ष्मीबाई पार्क में विभिन्न प्रजाति के 350 पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पंचतत्व संस्था, गणमान्य नागरिकों ने 'एक पौधा अपनी मां के नाम' के स्लोगन के साथ पौधे लगाए। वहीं सीएम राइज स्कूल राजेंद्र नगर के बच्चों के सहयोग से भी पार्क के बाउंड्री वॉल के समीप पौधे लगाए गए। सभी ने इन पौधों की देखभाल करने और उन्हें बड़ा करने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों ने धरती माता और पौधों की पूजा अर्चना कर किया। अपने उद्बोधन के दौरान एसपी दीपक शुक्ला ने कहा कि हम पौधा लगाए और उसकी देखभाल करें। आज कॉलोनियां कट रही हैं और पेड़ पौधों की संख्या कम होती जा रही हैं। पर्यावरण के संतुलन के लिए पर्याप्त मात्रा में पौधों का रोपण बहुत जरूरी है। हम विभिन्न तीज त्योहार में पेड़ों की पूजा अर्चना करते हैं इसलिए उनकी देखभाल भी हमें अपने बच्चों की तरह करनी चाहिए। हम पौधा जरूर लगाए और जो पौधे पहले से लगे हुए हैं उनका भी विशेष ध्यान रखें। नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव ने कहा कि पहले पार्क दुर्दशा का शिकार था, लेकिन अब नागरिकों की मांग पर इसका पुनरुद्धार किया जा रहा है। इसके चारों तरफ बाउंड्री वॉल कराई जा रही है और कई तरह के पौधे लगाए जा रहे हैं। आज कम बारिश हो रही है और तापमान अधिक बढ़ रहा है इससे बचने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाना अत्यंत आवश्यक है। एसडीएम विजय राय ने अपने उद्बोधन में कहा कि पौधारोपण वर्षा आधारित कार्यक्रम है और शासन ने अंकुर अभियान के तहत एक पौधा मां के नाम अभियान चलाया है। बरसात में पौधा जड़ पकड़ लेता है। हमें इसके साथ फोटो पौधा लगाते समय और उसके एक माह बाद और फिर 3 माह बाद पौधे के विकास के साथ खींचना चाहिए। जिला अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह जादोन ने कहा कि नगर पालिका सबके साथ मिलकर काम कर रही है जिसके अच्छे परिणाम सामने आ रहे हैं। बरसात के मौसम में अधिक से अधिक पौधे लगाएं और सोखता गड्ढों का निर्माण करें ताकि मौसम संतुलित बना रहे। इससे पूर्व पंचतत्व संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह दांगी ने पंचतत्व संस्था द्वारा चलाए जा रहे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष नीतू रघुवंशी के अलावा अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन धर्मेन्द्र जैन ने किया और आभार नारायण सोनी ने माना।

उधर इस कार्यक्रम के बाद सभी अतिथियों ने राजेन्द्र नगर स्थित सीएम राइज विद्यालय पहुंचकर वहां निःशुल्क परिवहन सेवा का फीता काटकर एवं झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, समाजसेवी कांतीभाई शाह, एसडीओपी मनोज मिश्रा, पूर्व न्यायाधीश राजेन्द्र चौरसिया, मंडल अध्यक्ष सनी भावसार, सीएमओ जयंत वर्मा, जनपद सीईओ भगवान सिंह, एसएडीओ एएस कौरव, डॉ वीके गर्ग, पार्षद संतोषी मीणा, पार्षद नारायण सोनी, नेता प्रतिपक्ष जगदीश व्यास, सिद्दीक हसन, नीलेश राय, प्रमोद सिंह राजपूत, वरिष्ठ पत्रकार कैलाश सक्सेना, यशपाल यादव, ओपी चौरसिया के अलावा बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गड्ढे-कीचड़ बनी वाहन चालकों व लोगों की परेशानी का सबब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के त्योंदा रोड से लाल पठार जाने वाले मार्ग पर कीचड़ एवं गडढ़े होने से आने जाने वाले वाहन चालकों और नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही पैदल राहगीरों को तो निकलना बहुत मुश्किल हो रहा है। खास कर गिरिराज मंदिर जाने वाली महिलाएं और श्रद्धालुओं को परेशानी उठाना पड़ रही है। यहां उल्लेखनीय है कि सरस्वती शिशु मंदिर, आईपीएस स्कूल आने जाने के लिए भी यही मुख्य मार्ग है और इसी मार्ग से होकर दर्जनों ग्रामों के ग्रामीणों को निकलना पड़ता है।

इस मार्ग पर पुलिया निर्माण भी अधूरा पड़ा है और मुख्य मार्ग से सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल तक की यह करीब दो सौ मीटर की सड़क भी बेहद खस्ताहाल है। बरसात में इस मार्ग के कारण लोगों को काफी परेशानियां उठानी पड रही हैं। इसके बावजूद लोनिवि सड़क सुधार में रूचि नहीं दिखा रहा है।

# श्री गिर्राज धाम में भंडारे और जलसेवा के लिए सामग्री से भरा वाहन किया रवाना




**गंजबासौदा।** श्री गिर्राज मित्र मंडल द्वारा 17 से 21 जुलाई तक गोवर्धन धाम श्री कनक भवन, छोटी परिक्रमा मार्ग चकलेश्वर महादेव मंदिर के पास विशाल भंडारा एवं जल सेवा का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री गिर्राज मित्र मंडल द्वारा प्रतिवर्ष गोवर्धन धाम में किया जाता है। जिसमें नगर के कई श्रद्धालु भी आयोजन समिति में शामिल रहते हैं। इन्हीं श्रद्धालुओं द्वारा गत दिवस भंडारे की व्यवस्थाओं के लिए एक ट्रक सामग्री को गोवर्धन धाम के लिए रवाना किया गया। अब यह सामग्री बुधवार 17 जुलाई से 21 जुलाई तक चलने वाले भंडारे में उपयोग की जाएगी। श्री गिर्राज मित्र मंडल ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र से मथुरा वृंदावन भ्रमण एवं गोवर्धन जी की परिक्रमा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे उक्त भंडारे में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्मलाभ उठाएं और यदि श्रद्धालु चाहें तो जनसेवा में सहयोग भी कर सकते हैं।

# ब्लॉक किसान खेत मजदूर कांग्रेस ने परेशानियों को लेकर सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ब्लॉक किसान खेत मजदूर कांग्रेस ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विजय राय को ज्ञापन सौंपा। जिसमें चौरावर रोड़ पर पुलिस पैट्रोलिंग करने की मांग की गई।

ज्ञापन में कहा गया है कि गंज बासौदा पचमा बायपास मार्ग से ग्राम चौरावर रोड पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। जिसकी वजह से आने जाने वालों को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। इसलिए जागरूक नागरिकों एवं ब्लाक किसान खेत मजदूर कांग्रेस ने आवेदन देकर पुलिस पेट्रोलिंग शुरू करने की मांग की है। क्योंकि चौरावर रोड पर सड़क किनारे पर शाम होते ही शराब पीने वालों का जमावड़ा लग जाता है। जिसकी वजह से आने जाने वाले राहगीरों ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो जाता है। सड़क किनारे बैठकर नशा करने वालों द्वारा किसी भी तरह की घटना घटित करने का भय बना रहता है। इस मौके पर प्रकाश, साबिर भाई, भगवत यादव, मोहन लाल शर्मा, दिनेश नामदेव सहित अनेक ग्रामवासी मौजूद थे।

### न्यायाधीश ने छात्र-छात्राओं को किया संबोधित

# केन्द्रीय विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार को केन्द्रीय विद्यालय लाल पठार में विधिक साक्षरता शिविर एवं पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर की अध्यक्षता राघवेन्द्र सोनी तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड बासौदा द्वारा की गई। उनके द्वारा उपस्थित छात्र, छात्राओं को संविधान के मूलभूत अधिकार एवं कर्तव्य, बालश्रम निषेध अधिनियम, शिक्षा का अधिकार, बच्चों के व्यक्तित्व का समग्र विकास, शारीरिक मानसिक नैतिक व आध्यात्मिक क्षमता के विकास हेतु नालसा (बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएँ एवं उनके संरक्षण के लिए विधिक सेवायें) योजना 2015 दैनिक जीवन में उपयोगी विधियां स्वास्थ्य, स्वच्छता पर्यावरण निःशुल्क विधिक सहायता के संबध में जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिनांक 5.6.2024 से 5.8.2024 तक (72 दिवसीय) वृहद पौधा रोपण अभियान के तहत तहसील विधिक सेवा समिति गंजबासौदा द्वारा विद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया। साथ ही कार्यकम में उपस्थित छात्र,छात्राओं को प्रति व्यक्ति 5 पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प करने के लिए प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम के दौरान केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्य, अधिवक्ता राजेश सक्सेना, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले , लॉयन्स विनिता गोयल, आरती गर्ग,विद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्र, छात्राएं मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त सैनिकों ने किया पौधरोपण



**गंजबासौदा।** मंगलवार को दो पूर्व सैनिकों ने भी देहात थाना परिसर में पंचतत्व संस्था के तत्वावधान में अपने माता पिता की स्मृति में पौधे लगाए। इस दौरान पूर्व सैनिक महेश शर्मा ने अपनी मां की स्मृति में उनके नाम से और पूर्व सैनिक भूपेन्द्र सिंह राजपूत ने अपने पिता स्व लक्ष्मण सिंह सोलंकी खडेर वालों के नाम से ट्री गार्ड सहित पौधे लगाए। इस अवसर पर पंचतत्व संस्था के प्रमोद सिंह राजपूत, अजय गर्ग, कपूर सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# जागरुकता संवाद कार्यक्रम संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सुभाष निकेतन हायर सेकंडरी स्कूल में भारतीय वायु सेना मे अग्निवीर भर्ती के लिए अभियान कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में वायुसेना के प्रतिनिधियों ने बच्चों से संवाद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ वायु सेना के अधिकारियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण, पूजन कर किया। कार्यक्रम में बच्चों को विस्तार पूर्वक वायु सेना के प्रतिनिधियों द्वारा वायु सेना के बारे में जानकारी दी गई एवं अग्निवीर जिसे वायु सेवा में वायु वीर के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से अग्नि वीर भर्ती के पश्चात उन्हें अन्य सेवाओं में जाने का अवसर मिलेगा। अग्निवीर भर्ती के बारे में सभी जानकारी विद्यार्थियों उपलब्ध कराई गई। जानकारी उपरांत प्रतिनिधियों द्वारा एक क्विज का आयोजन भी किया गया। जिसमें सही उत्तर देने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में वायु सेना के प्रतिनिधियों के अतिरिक्त सेवानिवृत्त वायुसैनिक मुकेश खन्ना, विद्यालय की प्राचार्य प्रीति श्रीवास्तव, सभी व्याख्याता एवं कक्षा 11, 12 विज्ञान व वाणिज्य संकाय के विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

### गर्मी के साथ बिजली बनी परेशानी का सबब

**गंजबासौदा।** विगत दो दिनों से नगर में तेज गर्मी और उमस से लोग खासे परेशान दिखाई दे रहे हैं। मंगलवार को भी दिन भर तेज धूप निकली जिसके कारण भीषण गर्मी और उसम के चलते लोगों में घबराहट की समस्याएं देखी गईं। गत दिवस हुई बारिश के बाद निकली तेज धूप से लोग बीमार पड़ रहे हैं। लोगों में उल्टी, दस्त, सिरदर्द, घबराहट आदि की समस्याएं देखी जा रही हैं। जिसके चलते अस्पताल में मरीजों की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। वहीं दूसरी ओर नगर में लगातार बिजली की अघोषित कटौती की जा रही है। विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दिन एवं रात्रि के समय कभी भी किसी भी वार्ड में बिजली का प्रदाय बंद कर दिया जाता है। जिससे नगरवासियों को गर्मी के मौसम में बगैर, पंखा, कूलर, एसी के देर तक समय गुजारना पड़ रहा है। उन्होंने विद्युत वितरण कंपनी से अघोषित विद्युत कटौती बंद करने की मांग की है।

ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू हो तो बढ़ेगा स्थानीय पर्यटन, मिलेंगे रोजगार

# परेशानी: लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का सांची सलामतपुर में नहीं स्टॉपेज

- पर्यटकों को सांची तथा सतधारा, सुनारी स्तूप पहुंचने में हो रही परेशानी
- 400 अपडाउनर्स यात्री भी डेली सलामतपुर से भोपाल विदिशा करते हैं अपडाउन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

कस्बे के आसपास काफी पर्यटन स्थल हैं और यहां से प्रतिदिन लगभग चार सौ यात्री अपडाउन करके भोपाल या विदिशा के लिए जाते हैं, लेकिन सलामतपुर स्टेशन पर कोई भी लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेन नहीं रुकती है। जबकि पास में ही सतधारा के बौद्ध स्तूप और सुनारी के स्तूप और सलामतपुर में सांची बौद्ध यूनिवर्सिटी का भी निर्माण पूरा होने के बाद क्लासें शुरू हो गई हैं। अगर यहां पर लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टॉपेज शुरू कर दिया जाए तो पर्यटन बढ़ने के साथ ही स्थानीय बेरोजगार युवकों को रोजगार भी आसानी के साथ मिल सकेगा।

ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर कई बार स्थानीय नागरिकों के साथ ही अपडाउनर्स ने भी ज्ञापन के माध्यम से अपनी बात रखी है। लेकिन रेलवे विभाग ने अभी तक समस्या का समाधान नही किया है।

### 3 पैसेंजर ट्रेनें ही रुकती हैं सलामतपुर स्टेशन पर

*स्टेशन पर बिलासपुर, जोधपुर भोपाल पैसेंजर, भोपाल बीना मेमो पैसेंजर ट्रेनें ही रुकती हैं। जबकि पहले यहां पर विध्यांचल एक्सप्रेस ट्रेन भी रुकती थी। लेकिन उसका भी स्टॉपेज यहां पर अभी तक पुनः शुरू नही किया गया है। जिसकी वजह से विदिशा या भोपाल पढ़ने जाने वाले छात्र छात्राओं के साथ ही नोकरी और मजदूरी करने वाले यात्रियों को भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।*

### ट्रेनों की जानकारी के लिए लगा बोर्ड हो रहा, अनुपयोगी साबित

ट्रेनों के स्टॉपेज की संबंधी जानकारी के लिए लगाया गया ब्लैक बोर्ड यात्रियों के लिए सिर्फ औपचारिकता साबित हो रहा है। लंबी दूरी की ट्रेन है दादर-अमृतसर एक्सप्रेस, इटारसी भोपाल विंध्याचल एक्सप्रेस, अंडमान एक्सप्रेस आदि प्रमुख यात्री गाड़ी यहां नहीं रोकी जा रही।

जबकि इन ट्रेनों का स्टॉपेज पहले सांची स्टेशन पर था। तो रायसेन के अधिकांश यात्रियों को यहां से यात्रा करने की सुविधा मिल रही थी, लेकिन अब ट्रेनों के स्टॉपेज बंद होने से यात्रियों की सुविधा भी बंद हो गई। इससे कई अप डाउन करने वाले एवं पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं नौकरी पेशा वाले लोग और तीर्थयात्री काफी परेशान होते हैं।

### सांची जिला मुख्यालय के पास एक मात्र बड़ा रेलवे स्टेशन

*विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सांची जिला मुख्यालय के समीप एक मात्र बड़ा स्टेशन है। जहां से शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग विभिन्न स्थानों के लिए सफर करते हैं। लेकिन कोरोना काल से सांची व सलामतपुर स्टेशन पर प्रमुख ट्रेनों का स्टॉपेज बंद कर दिया था। जिन्हें रेल प्रबंधन ने अब तक शुरु नहीं किया। जिससे लंबी दूरी यात्रा करने वाले यात्री विदिशा, भोपाल या अन्य रेलवे स्टेशनों से अपनी यात्रा कर रहे हैं। जबकि नगर के अनेक संगठनों एवं प्रतिनिधियों ने समय समय पर मंडल रेल प्रबंधक के नाम से ज्ञापन भी दिए। लेकिन अभी तक कोई उचित कार्रवाई रेल प्रशासन की तरफ से नहीं की गई। स्वच्छ एवं सुंदर रेलवे स्टेशन यात्री ट्रेनों के स्टॉपेज नहीं होने से सूना पड़ा रहता है। वर्तमान में भोपाल-बीना मेमो पैसेंजर, जोधपुर भोपाल पैसेंजर, बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस व प्रयागराज एक्सप्रेस ट्रेन सांची में रुकती है।*

#### इनका कहना है

लंबी दूरी की ट्रेनों का सलामतपुर व सांची में स्टॉपेज नही होने के कारण यात्री और पर्यटक परेशान हो रहे हैं। इस समस्या के समाधान के लिए कई बार रेलवे अधिकारियों को ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन समस्या का समाधान नही हो रहा है।

**रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच, ग्राम पंचायत रातातलाई

# इंडियन पुष्कर गैस एजेंसी की मनमानी, उपभोक्ता परेशान

## डिलीवरी होती नहीं गैस आती नहीं फिर कंपनी क्यों?

- जिम्मेदार अधिकारी नहीं उठाते हैं फोन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

सुविधा के नाम पर कंपनी उपभोक्ताओं के साथ धोखा कर रही है डिलीवरी सुविधा तथा चेकिंग के नाम पर चंदा वसूली अभियान चल रहा है। अधिकारियों ने कंपनी का निरीक्षण और निगरानी करने का इरादा ही छोड़ दिया है। अभी तक कंपनी के स्थापना काल से आज दिनांक तक कितने उपभोक्ताओं के चूल्हे की चेकिंग हुई लाखों रुपए इस नाम पर वसूली की गईजांच और कंपनी का रजिस्टर इस बात को प्रमाणित कर देगा की सब कुछ दावे से उलट है।

लोगों को कंपनी ने स्थापना काल से घर-घर कैसे पहुंचाने का दावा कभी सफल नहीं हुआ कंपनी के पास डिलीवरी वाहनों की संख्या नहीं है नगर में भी कंपनी डिलीवरी सुविधा नहीं दे पा रही है, जिससे लोगों को बारिश काल में भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। बाड़ी क्षेत्र की स्थिति काला पानी से कम नहीं यहां पर कीचड़ पानी का साम्राज्य है यदि कंपनी डिलीवरी सुविधा नहीं दे रही है तो उसे इसे घोषित करना चाहिए कि डिलीवरी सुविधा उपलब्ध नहीं लेकिन सुविधा के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली की जा रही है। जब सुविधा नहीं दी जा रही तो वसूली क्यों इस मामले में नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने एक पत्र प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को लिखा है।



### डिलीवरी नहीं तो चार्ज क्यों

*जब कंपनी उपभोक्ता को घर पर टंकी उपलब्ध नहीं कर पा रही है तो उसे डिलीवरी चार्ज लेने का क्या अधिकार है यह एक तरीके से अपराध माना जाता है जो उपभोक्ताओं से किया जा रहा है लोगों ने मुख्यमंत्री से यह अपराध रोकने की मांग की है।*

### नहीं होती टंकी की जांच

टंकी में भरी गई गैस पूरी है या नहीं इसकी जांच लंबे अरसे से अधिकारियों ने नहीं की यदि पूर्व पर नजर डाली जाए तो काम ज्यादा का मामला सामने आ चुका है, लेकिन अधिकारी ना तो निरीक्षण कर रहे हैं और ना ही जांच कर रहें।

### 3 किमी दूर है गोदाम

*नियम और कानून का मजाक उड़ाया जा रहा है एक तो डिलीवरी सुविधा नहीं है दूसरी ओर उपभोक्ता को टंकी लेने 3 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है फिर मिलने नहीं मिलने की कोई गारंटी नहीं।*

### चेकिंग पर धन वसूली

*सवाल बड़ा है क्या स्थापना काल से कितने चुलो की चेकिंग की गई कंपनी के पास कितने अनुभवी मैकेनिक है कितनी राशि वसूली गई कैशबुक एवं निरीक्षण डायरी की जांच की जाए तो बड़ा मामला सामने आएगा।*

### जिम्मेदारों ने साधी चुप्पी

*जिम्मेदार अधिकारी मौन धारण कर बैठे हैं पत्रकारों द्वारा फोन लगाने पर भी फोन उठाने से परहेज करते हैं अधिकारी इसी के चलते अधिकारियों के संरक्षण में अपनी मनमानी कर रही है गैस एजेंसी।*

इस संबंध में पुष्कर गैस एजेंसी बाड़ी के संचालक पुष्कर शर्मा से उनके मत जानने के लिए फोन द्वारा संपर्क किया गया तो उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया।

#### इनका कहना है


एजेंसी मैनेजर से जब पूछा कि होम डिलीवरी क्यूं नहीं हो रही, उसने जवाब दिया की हमारे पास कर्मचारी न होने के कारण होम डिलीवरी नहीं की जा रही।

**गुड्डू,** मैनेजर, पुष्कर गैस एजेंसी बाड़ी

# जीव रक्षा सुरक्षा हेतु टीम संकल्प की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

जीवन में संकल्प लेना और उसे असली रंग में रंग देना यह आज की युवा पीढ़ी की नई सोच नया नजारा देखने को मिला नगर की प्रतिष्ठित संस्था टीम संकल्प की पहल रंग लाई है। जीव रक्षा का संकल्प लेकर युवाओं की टोली सड़कों पर खड़ी दिखाई दे रही है टीम संकल्प की एक नई पहल का नाम हैं जीव सुरक्षा कैसे हो हम गौ माता की रक्षा कर सकते हैं इसी सोच के साथ युवाओं ने संकल्प लिया कि हमारा



जीवन जीव रक्षा के लिए समर्पण होना चाहिए टीम संकल्प ने सड़कों पर बैठी गाय माता जिनको निराश्रित गौ माता का दर्जा दिया है, जिसकी पूरे क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है।

टीम संकल्प ने जीव रक्षा गौ माता को सड़क दुर्घटना से कैसे बचाया जाए वर्षा कल चल रहा है। मच्छरों का प्रकोप भारी भरकम बढ़ गया है लोग तो घरों में किसी तरीके से सुरक्षित हैं, लेकिन गोमाता सड़कों पर कैसे सुरक्षित हो इस पर टीम संकल्प ने एक बीड़ा उठाया है। उन्होंने गाय के सिंग में रेडियम व बेल्ट लगाने की मुहिम का श्री गणेश किया है जिससे जीव रक्षा गौ माता की रक्षा हो सके।

## नाली निर्माण कार्य हुआ प्रारंभ

**दीवानगंज।** ब्लॉक सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत अंबाडी द्वारा नाली निर्माण का कार्य प्रारंभ कर दिया है। पहले अंबाडी गांव में घरों का सीवेज का गंदा पानी रोड पर बहता था जिससे आने जाने वाले राह गिरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था कोई भी वाहन चालक रोड से गुजरता था तो सीवेज का गंदा पानी उचक्कर पैदल चल रहे व्यक्ति के ऊपर लग जाता था, जिससे हमेशा विवाद की स्थिति बनती रहती थी। इसी को ध्यान में रखते हुए पंचायत द्वारा महेंद्र मीणा के घर से लेकर गौतम रैकवार के घर तक लगभग 300 फीट आरसीसी नाली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसकी लागत लगभग हर 3 लाख रुपए है। नाली के निर्माण से काफी हद तक कुछ ग्रामीणों को सुविधा मिलने लगेगी।

# देवशयनी एकादशी आज, 4 माह नहीं होगें शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

17 जुलाई को देवशयनी एकादशी है। इसके बाद से चार माह तक मांगलिक कार्यों पर रोक लग जाएगी। रोक के चलते शादी, विवाह, ग्रह प्रवेश जैसे मांगलिक कार्य नहीं होगे। चार माह तक शादी विवाह के कार्यक्रम बंद हो जाने से कुवारों को इंतजार करना पड़ेगा।

मांगलिक कार्य देवउठनी ग्यारस से प्रारंभ होगे। पंडित संजय भार्गव ने बताया कि देवशयनी एकादशी पर 17 जुलाई से 12 नवंबर तक के लिए शिव के हाथ सृष्टि का काम सौंप श्रीहरि योगनिद्रा पर जाएंगे। एकादशी पर मंदिरों में भगवान को शयन आरती कर सुलाया जाएगा। इसके साथ ही चार माह के लिए मांगलिक कार्यों पर विराम लगेगा। इस दौरान प्रमुख तीज त्योहारों के उल्लास के साथ ही संतों के सान्निध्य में धर्म आराधना होगी।पिछले वर्ष चातुर्मास की अवधि 148 दिन यानी पांच माह थी। इस बार चातुर्मास चार माह का है। इसके चलते तीज.त्योहार पिछले वर्ष के मुकाबले 10-15 दिन पहले आएंगे। चातुर्मास भगवान विष्णु का शयनकाल होता है। पुराणों के अनुसार इस दौरान विवाह, उपनयन संस्कार, गृह प्रवेश सहित विभिन्न मांगलिक कार्य वर्जित माने गए हैं।

**एकादशी के खास 5 उपाय :** देवशयनी एकादशी पर सुबह स्नान करने के बाद सबसे पहले तुलसी के पौधे में जल चढ़ाएं और कच्चे दूध से इसके पौधे को सींचें। शाम के वक्त प्रदोष काल में तुलसी के समक्ष घी का दीपक जलाकर रखें।

मंगलवार की जनसुनवाई

## एडीएम ने सुनी लोगों की फरियादें, किया समाधान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

कलेक्टर अरविंद दुबे के निर्देशानुसार मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्वेता पवार, डिप्टी कलेक्टर मनीष शर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर अल्का सिंह द्वारा जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया।

कुछ प्रकरणों में संबंधित विभागों के जिला अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अधिकांशतः प्रधानमंत्री आवास, वृद्धावस्था सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन, विद्युत बिल, आर्थिक सहायता से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।।

# दो साल भी नहीं टिक सका सड़क का डामरीकरण, कई जगह हुए गड्ढे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल सांची हाईवे 18 से लेकर ग्राम बरजोरपुर तक मप्र ग्रामीण संपर्कता योजना के अंतर्गत ग्रेवल मार्ग का डामरीकरण किया गया था। डामरीकरण 1.520 किलोमीटर सड़क का और 0.150 सीसी रोड बनाया गया था दोनों को मिलाकर 1.670 सड़क का निर्माण जून 2020 में हुआ था। इस सड़क का डामरीकरण 2 साल भी नहीं टिक पाया। सड़क पहले ही उखड़ गई थी जिस पर ठेकेदार द्वारा फिर से जगह-जगह डुमरी करण किया गया। भोपाल विदिशा हाईवे से लेकर ग्राम बरजोर पुर तक 56.84 लाख रुपए से बनाई गई थी इस सड़क का कार्य 11 जून 2020 को पूर्ण हुआ था इस सड़क का ठेका मैसर्स प्रमोद कुमार गुप्ता त्रिलोक नगर भोपाल ने लिया था इस सड़क की गारंटी 5 साल तक रखी गई है 5 साल के रखरखाव के लिए 4.84 लाख रखा गया है।

बता दें कि ग्रामीण क्षेत्रों में बनने वाली सड़कों पर ठेकेदार द्वारा बड़े-बड़े बोर्ड लगा दिए जाते हैं उसमें लिख दिया जाता है कि 5 साल



तक सड़क की देखभाल ठेकेदार द्वारा की जाएगी जबकि ठेकेदार द्वारा लगाया गया वोट पर यहां भी लिख दिया जाता है कि 5 साल के रखरखाव की कितनी राशि है इसके बावजूद भी रोड की मरम्मत नहीं होती है। एक बार रोड बनने के बाद ठेकेदार इस रोड को मुड़कर भी नहीं देखते हैं जबकि सरकार द्वारा 5 साल तक रोड की गारंटी होती है।

ग्रामीणों को सुविधा मुहैया कराने के लिए सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों से जोड़ने की कोशिश कर रही है, तो ठेकेदार द्वारा अपने मनमर्जी से सड़क को सही तरीके से नहीं बनाया जाता जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ता है।

# सियरमऊ में वन विभाग की छापामार कार्रवाई दो फर्नीचर मार्ट से 80 हजार रु की लकड़ी जब्त

## वन विभाग की कार्यवाही से वन माफियाओं में मची खलबली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

वन विभाग द्वारा वन माफियाओ के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है, विभागीय कार्रवाई से वन माफियाओ में खलबली मची है। वन विभग द्वारा तहसील के सियरमऊ ग्राम में 2 फर्नीचर मार्ट पर कार्रवाई की गई, यहां अवैध रुप से संग्रहित कर रखी 80 हजार मूल्य की सागौन की लकड़ी जब्त की जाकर आरोपियो पर कार्रवाई की गई।

वन परिक्षेत्र अधिकारी आदर्श मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर कि सियरमऊ ग्राम के फर्नीचर मार्टो पर अवैध रुप से सागौन की लकड़ी संग्रहित कर रखी गई है। तत्काल ही वन अमले को मौके पर भेजा तथा कार्रवाही के



निर्देष दिए। वन अमले के द्वारा पारस फर्नीचर मार्ट तथा सदगुरु फर्नीचर मार्ट पर छापामार कार्रवाई की गई, इस कार्रवाई में दोनो ही स्थानो से क्रमशः 40-40 हजार रुपए, कुल 80 हजार की सागौन की लकड़ी जब्त की जाकर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

वन परिक्षेत्र अधिकारी मिश्रा ने बताया कि पारस फर्नीचर मार्ट का संचालक नीरेंद्र जैन तथा सदगुरु फर्नीचर मार्ट का संचालन जाहिर सिंह के द्वारा किया जा रहा है। दोनो फर्नीचर मार्टों पर भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं मध्यप्रदेश व्यापार विनियम 1969 के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। और इनके विनिर्माता के पंजीयन को निरस्त करने की अनुशंसा वरिष्ठ कार्यालय को भेजी जावेगी।

छापामार कार्रवाई आत्माराम मैना कार्यवाहक वनपाल के नेतृत्व में रामशरण सिंह, पुष्पेन्द्र शर्मा, ऋषि गुप्ता,मोहम्मद सोहेब खान,संदीप ठाकुर, राहुल कुमार जैन, दीपक कौरव, बसीम खान एवं सहयोगी दलों का विशेष योगदान रहा।

ज्ञात रहे बीते सप्ताह भी वन अमले ने समनापुर ग्राम में छापामार कार्रवाही कर 40 हजार रुपए की अवैध रुप से संगहित कर रखी गई सागौन की लकड़ी जब्त करने में सफलता प्राप्त की थी।

जिले के चहुंमुखी विकास के लिए आगामी 5 साल का रोडमैप तैयार करें: शिवराज सिंह

# रायसेन जिले को विकास की दृष्टि से पहुंचाना है शीर्ष पर

- केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री ने ली रात 9 बजे कलेक्ट्रेट में बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

केन्द्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को रात करीब 9 बजे कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की। जिसमें उन्होंने जिले में विकास के रोडमैप बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

केंद्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि हमें विकास की दृष्टि से रायसेन जिले को शीर्ष पर पहुंचाना है। केन्द्र और प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी और विकास मूलक योजनाओं का जिले में आदर्श तरीके से क्रियान्वयन करें, जिससे समाज की अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ




पहुंचे। अधिकारियों से कहा कि जमीनी स्तर से काम होगा तो जल्दी बदलाव आएगा।

चौहान ने जिले के विकास हेतु विभागवार आगामी पांच साल का रोडमैप बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि विकास का ऐसा मॉडल बनाना है जो कि जमीनी स्तर से शुरू हो। उनके लिए राजनीति लोगों की जिंदगी में सकारात्मक बदलाव लाने का मिशन है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पूर्व से स्वीकृत कार्यो की प्रगति में तेजी लाएं। इसमें कहीं बाधा आती है तो अवगत कराएं। विकास के काम गुणवत्ता के साथ समयावधि में पूर्ण हों, लंबित न रहें।

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने जिले में स्किल डेवलपमेंट कर अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार से जोड़ने, पीएम किसान सम्मान निधि के छूटे हुए हितग्राहियों को योजना में शामिल करने, फसल बीमा से जोड़ने, जिले में नवीन सिंचाई परियोजनाएं बनाने के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही आमजन की समस्याओं का गंभीरता से निराकरण करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में केन्द्रीय मंत्री को कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में योजनाओं के क्रियान्वयन तथा विकास कार्यो के बारे में अवगत कराया।

बैठक में विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी, जिला पंचायत अध्यक्षी यशवंत मीणा, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, राकेश शर्मा, एसपी विकास शहवाल, जिपं सीईओ अंजू पवन भदौरिया, डीएफओ रायसेन विजय कुमार, सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच हो सामंजस्य

*शिवराज सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लाभ आम जनता तक पहुंचे। जिले में कृषि से जुड़ी कौन-कौन सी चीजे ला सकते हैं जिससे किसानों की उन्नति हो, उनकी आय बढ़े। हर जिले में कृषि विज्ञान केन्द्र हैं। किसानों और कृषि वैज्ञानिकों में सामंजस्य होगा तो किसानों को उन्नत और नवीन कृषि तकनीकों की जानकारी प्राप्त होगी, जिन्हें खेती में उपयोग कर किसान अधिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है। गॉवों में जो पात्र लोग योजना के लाभ से छूट गए हैं, उन्हें योजना में शामिल करने की दिशा में काम करें। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के जो मापदण्ड हैं उनके अनुसार कार्ययोजना बनाएं जिससे कि जो गॉव, मजरे-टोले छूट गए हैं। उन्हें शामिल किया जा सके। केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कहा कि पूरे देश में 100 दिन में 10 लाख लखपति दीदी बनाना हैं। रायसेन जिले में भी अधिक से अधिक लखपति दीदी बनाना हैं।*

समस्याओं का समाधान करने दिए निर्देश

# स्वास्थ्य राज्य मंत्री ने किया मूंग खरीदी केंद्रों का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

स्वास्थ्य राज्यमंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल द्वारा मंगलवार को उदयपुरा के ग्राम सिलगेना और चंदपुरा पहुंचकर मूंग खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने खरीदी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की खरीदी हेतु आने वाले किसानों को कोई परेशानी ना हो, समस्याओं का तत्काल निराकरण करें। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए कहा उनकी हर समस्या का समाधान शीघ्र होगा।

उल्लेखनीय है कि किसानों को मूंग खरीदी में समस्याएं आने की जानकारी प्राप्त होने पर राज्यमंत्री द्वारा खरीदी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर खरीदी कार्य का जायजा लिया जा रहा है।